एसपी और जीएम ने दिए सफलता के सूत्र

4



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अध्यक्ष गुप्ता कल चरचा में



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में सोमवार को एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमकार गुप्ता अपने उच्चस्तरीय राष्ट्रीय नेतृत्व दल के साथ चरचा पहुंचेंगे। राष्टीय अध्यक्ष के साथ संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी इस दौरे में शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल 23 नवंबर को दिल्ली से ट्रेन द्वारा छग के लिए रवाना होगा और 24 नवंबर की सुबह 9 बजे चरचा स्थित पंचवटी गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। चरचा प्रवास के दौरान राष्टीय अध्यक्ष डॉ. ओमकार गुप्ता दोपहर 12 बजे एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे।

### जिले में डीएलसीसी की तिमाही बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में विकासोन्मुख वित्तीय गतिविधियों को तेज गति देने और बैंकों तथा सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से डीएलसीसी/डीएलआरसी की तिमाही बैठक जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, आरबीआई एलडीओ अविनाश टोप्पो, जीएम डीटीआईसी कश्यप, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, सरकारी प्रायोजित एजेंसियों के प्रतिनिधि और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## छठ घाट में हादसा: आधी रात चला चला रेस्क्यू आपरेशन

# अनियंत्रित कार गहरे पानी में समाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- नपा शिवपुर चरचा क्षेत्र का मामला

जिले के शिवपुर चरचा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 स्थित पावन छठ घाट में शुक्रवार की देर रात ऐसा दृश्य सामने आया जिसे देखकर मौजूद लोगों के होश उड़ गए।

रात लगभग 9 बजे एक टोयोटा कार सीजी 16 सीएस 7536 अचानक अनियंत्रित होकर सीधे घाट के गहरे पानी में जा समाई। तेज आवाज और पानी के छींटों से लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। देखते ही देखते कार आधी से अधिक पानी में धंस गई। हालात इतने भयावह थे कि यह किसी बड़े हादसे का संकेत दे रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने



डूबा कार।



जेसीबी से किया गया रेस्क्यू

तत्काल नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह को सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उपाध्यक्ष श्री सिंह तत्काल नगर पालिका की जेसीबी मशीन को छठ घाट रवाना करने के निर्देश जारी कर दिए। अंधेरा, ठंड और पानी की गहराई के बीच जेसीबी ड्राइवर उत्तम और पूरी टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू की बागडोर संभाली। करीब एक घंटे तक चली मशक्कत के बाद गहरे पानी में धंसी कार को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीम को कई बार जोखिम उठाना पड़ा, क्योंकि कार लगातार नीचे धंस रही थी और पानी का स्तर बढ़ रहा था, लेकिन टीम ने संयम और अनुभव के साथ काम करते हुए सुरक्षित रूप से वाहन को बाहर निकाल लिया। मौके पर खड़े लोगों ने राहत की सांस ली। ⏩शेष पेज 4 पर

# मनेन्द्रगढ़ में खनिज निरीक्षक को धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई तेज

जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर को ड्यूटी के दौरान जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी को थाने तलब किया है।

जानकारी के अनुसार सुबह निरीक्षक आदित्य मानकर क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दी, जिसे रोककर उन्होंने चालक से पूछताछ की। चालक ने अनुमति और दस्तावेज प्रस्तुत करने की बजाय अपने मालिक को बुला लिया। कुछ देर बाद ट्रैक्टर मालिक उदय सिंह मौके पर पहुंचा। मानकर के अनुसार जैसे ही उन्होंने रेत के संबंध में पूछताछ शुरू की, उदय सिंह ने विवाद खड़ा कर दिया। उसने गाली-गलौज करते हुए अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी



जब्त ट्रैक्टर।

और ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद खनिज निरीक्षक ने तत्काल इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर सिटी कोतवाली प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और आरोपी को थाने बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और अधिकारी को धमकी देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल की क्षमता 300 बेड की हो, स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कोरिया आगमन पर वरिष्ठ पत्रकार एवं जनप्रतिनिधियों का एक शिष्ट मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें बैकुंठपुर जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 300 बेड करने के साथ ही विगत 2 वर्ष से बंद पड़े नवीन जिला अस्पताल के निर्माण को पुनः शुरू करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 4-5 वर्षों से जिला अस्पताल में आने वाले बीमारों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे अस्पताल की संपूर्ण व्यवस्था काफी प्रभावित हुई है। इस



अस्पताल में कोरिया जिले के ही नहीं आसपास के सूरजपुर, बलरामपुर, कोरबा, एमसीबी, अनूपपुर आदि जिले के भी मरीज बड़ी संख्या में आते हैं। जिला अस्पताल के ⏩शेष पेज 4 पर

### फरवरी में होंगे बोर्ड की परीक्षाएं

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 नियमित, स्वाध्यायी एवं तृतीय अवसर के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। उक्त परीक्षा इस बार मार्च महीने की बजाए फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में ही शुरू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार 10 वीं बोर्ड की परीक्षा इस बार 21 फरवरी से प्रारंभ होगा और 13 मार्च तक संचालित होगा। पहले दिन हिन्दी भाषा से परीक्षा शुरू होगी दूसरा पेपर 24 फरवरी को द्वितीय भाष अंग्रेजी 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को विज्ञान, 6 मार्च को गणित, 9 मार्च को तृतीय भाषा संस्कृत, 11 मार्च को व्यवासायिक पाठ्यक्रम तथा 13 मार्च को केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत व मूक वधिर छात्रों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की करें मदद: अमित

- एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा (एसआईआर) बूथ प्रभारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़ बैकुंठपुर में 22 नवंबर को भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू के प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व फूल-मलाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री





अमित साहू, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, शारदा गुप्ता, सुनिता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, कृष्णावती यादव, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, मनोज गुप्ता, योगेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्य किया जा रहा है ⏩शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बिश्रामपुर।** जयनगर स्थित वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा,वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने बताया कि मुख्य परीक्षा में कुमारी आफरीन ने 81.74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्था का गौरव बढ़ाया है,इसके अलावा 17 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत और 12 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है,सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं,उन्होंने बताया कि शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के चलते सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है,भारतीय नर्सिंग परिषद में जबसे सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा लेने का निर्णय लिया है,वह विद्यार्थियों के लिए तैयारी करने करने के उद्देश्य से और भी प्रभावी सिद्ध हो रहा है, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के बहुत से लाभ नजर आ रहे हैं, सालभर में लगातार मुल्यांकन और प्रतिक्रिया, पाठ्यक्रम के बोझ में कमी और विद्यार्थियों के लिए नियमित अध्ययन की आदतें विकसित हो रही हैं,विद्यार्थियों को बेहतर विषय समझ और कौशल विकास में मदद करती है,इसका परिणाम यह हुआ है कि टीचर्स और विद्यार्थियों के बीच बेहतर सहभागिता बढ़ी है, जिसका परिणाम बहुत अच्छे आए हैं,ये सार्थक मेहनत का प्रतिफल है।

### मां महामाया मंदिर में विवाह के लिए पहुंच रहे दूल्हा-दुल्हन सहित परिजन



**रामानुजगंज।** जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों मां महामाया मंदिर में इन दिनों शादी–विवाह का माहौल पूरी तरह चरम पर है। वार्ड क्रमांक 9 में कनहर नदी के तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शादी–विवाह का सीजन शुरू होते ही यहां दूर-दूर के गांवों और कस्बों से दूल्हा–दुल्हन अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। मां महामाया के आशीर्वाद से वैवाहिक जीवन की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले जोड़ों की भीड़ प्रतिदिन देखने को मिल रही है। प्राकृतिक सुंदरता और मनोहारी वातावरण से घिरा यह मंदिर विवाह संस्कार के लिए एक शांत और पवित्र स्थल माना जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि विवाह सीजन शुरू होते ही यहां शादियों का सिलसिला लगातार बढ़ गया है। सीजन के दौरान लगभग हर दिन विवाह संपन्न कराए जाते हैं। कई बार एक ही दिन में दो से तीन शादियां भी होती हैं। लोग दूरस्थ गांवों से भी यहां केवल इसलिए आते हैं क्योंकि वे मां महामाया की कृपा से अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा विवाह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। कनहर नदी के किनारे स्थित होने के कारण यहां का प्राकृतिक वातावरण विवाह समारोह को और भी पवित्र और यादगार बना देता है। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े नदी तट पर फोटो शूट भी करवाते हैं, जिससे यह स्थल न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मां महामाया मंदिर में विवाह करवाने की परंपरा वर्षों पुरानी है और जैसे-जैसे मंदिर की ख्याति बढ़ रही है, यहां विवाह कराने आने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

### उर्सुलाइन स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत उर्सुलाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झींगो में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत शामिल हुए। उन्होंने बच्चों की खेलों में बढ़ती सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण साधन हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को चार दलों इंदिरा दल, सुभाष चंद्र दल, लक्ष्मी दल और नेहरू दल में विभाजित किया गया था। सभी दलों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं इंदिरा दल ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया। आयोजन के दौरान खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रिले रेस, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ सहित अनेक स्पर्धाएं कराई गई। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकगणों ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य सिस्टर सुशना ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मराबी, प्राचार्य सिस्टर सुशना, माध्यमिक शाला की प्रधानपाठिका सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खरीदी केन्द्र का चक्कर लगा रहे किसान

# डीपाडीह कला केन्द्र में अब तक शुरू नहीं हुई धान खरीदी, किसानों में नाराजगी



धान खरीदी केन्द्र के सामने मौजूद किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- किसानों की उपज पड़े है खुले आसमान के नीचे

धान कटाई एवं मिसाई के बाद जहां किसान अपनी उपज को बेचने की तैयारी में है वहीं डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। जिले में धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुए पांच दिन से अधिक हो गए है बावजूद इसके डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं होने से अब किसान समिति का चक्कर लगाने को मजबूर है।

विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष अब तक खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद केंद्र में आवश्यक व्यवस्था पूर्ण न होने से किसान लगातार परेशान हैं। केंद्र में धान रखने की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं की गई है, जिससे किसानों में असंतोष और बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से खरीदी केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों द्वारा अभी व्यवस्था नहीं होने की बात कहकर वापस भेज देते है। खरीदी स्थल पर गोदाम व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड, तिरपाल, तौल मशीन और अन्य संसाधनों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय पर तैयार नहीं किए जाने से उन्हें अपनी उपज खुले आसमान और घरों में ही सुरक्षित रखना पड़ रहा है, जिससे नमी बढ़ने पर नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डीपाडीह कला केंद्र में तत्काल धान खरीदी शुरू की जाए तथा सभी आवश्यक सुरक्षा और भौतिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### महावीरगंज में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ किसानों में दिखा उत्साह का माहौल

**रामानुजगंज।** धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ आज धान खरीदी समिति महावीरगंज बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में तराजू बाट तथा खरीदी उपकरणों की पूजा - अर्चना की गई जो किसानों की समृद्धि और खरीदी कार्यों के सुचारू संचालन का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभापति कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, समिति प्राधिकृत अधिकारी बीरबल शुरुता, जनपद सदस्य अशर्फी यादव, पवन कश्यप, खरीदी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल, ग्राम महावीरगंज के सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, समीउल्लाह अंसारी, कन्हाई प्रजापति, विजय कश्यप, आनंद यादव, सतीश सिंह, राममंदीप यादव, जगदीश यादव तथा क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ कियागया। इस अवसर राजकुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि किसानों का एक एक दाना खरीदी किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं मजबूत की गई। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किसी भी बिचौलियों या दलालों के बहकावे में न आए क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन ने खरीदी से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से पारदर्शी कर दी है।



### एसआईआर के नाम पर साइबर ठग ओटीपी भेजकर कर सकते है: एसएसपी



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य और जिले में एसआईआर का कार्य जारी है, साइबर ठगों ने इसकी आड़ में जाल फैलाना शुरू कर दिया है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना दी है जिसका उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। एसएसपी ने प्रशांत कुमार ठाकुर बताया कि एसआईआर भरने हेतु ओटीपी के लिए कोई कॉल आए तो सावधानी बरते। उन्होंने बतायाय कि यदि कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह दे तो उसे तुरंत मना कर दें। कॉल करने वाले व्यक्ति को साफ-साफ कहें कि मैं कार्यालय जाकर पता करता हू। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म में मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है। लेकिन कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि बीएलओ के माध्यम से बीएलओ फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ ओटीपी नहीं मांगता। यह आशंका है कि साइबर ठग ओटीपी भेजकर और इसे पूछकर फ्रॉड को अंजाम दे सकते हैं।

## आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु भूमि सीमांकन कराने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय वार्ड क्रमांक 5 स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय जर्जर स्थिति में संचालित हो रहा है। चार कमरों के इस पुराने भवन में मरीजों के उपचार एवं भर्ती की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण गंभीर मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा नहीं मिल पाती। वर्तमान भवन अत्यंत पुराना होने के साथ-साथ मरम्मत योग्य भी नहीं रह गया है। वहीं क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस संबंध में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील गुप्ता द्वारा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत राजपुर के वार्ड क्रमांक 6 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में उपलब्ध लगभग 1 एकड़ शासकीय भूमि का सीमांकन कर नवीन आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है। यह भूमि शासकीय



अभिलेख में दर्ज है तथा मुख्य मार्ग से सटी होने के कारण मरीजों के आवागमन की दृष्टि से भी उपयुक्त मानी जा रही है। प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण होने पर आम नागरिकों को औषधि वन वाटिका, औषधालय भवन, व्यायाम-योग चबूतरा तथा स्टाफ क्वार्टर जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

## मंत्री राजवाड़े ने ओड़गी में सड़क एवं पुलिया निर्माण का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/भैयाथान

- गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, पुन: निर्माण और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के ओड़गी विकासखंड के धरसेड़ी-कर्री-कुप्पी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क और पुलिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नव-निर्मित सड़क की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग तथा संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि सड़क के कई हिस्सों में निर्माण मानकों का समुचित पालन नहीं किया गया है और कार्य अभी भी अधूरा है। इस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को पूरे मार्ग का पुनः निर्माण मानक गुणवत्ता के साथ कराने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें आमजन की जीवनरेखा हैं, जिस पर आवागमन, एम्बुलेंस सुविधा, बच्चों की स्कूल पहुंच और आवश्यक सेवाओं की निर्भरता होती है। इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, ओड़गी क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अत्याधुनिक फुली ऑटोमैटिक प्लांट का शुभारंभ

**भैयाथान।** आकांक्षा स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत मीठा शक्ति आहार एवं नमकीन दलिया उत्पादन हेतु अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटिक मशीन प्लांट स्थापित किया। शुक्रवार को इस प्लांट का शुभारंभ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा-पाठ के बाद फीता काटकर किया।



नई उत्पादन इकाई पूरी तरह मशीन आधारित है, जिससे आहार निर्माण की प्रक्रिया अब अधिक स्वच्छ, सुरक्षित, मानक आधारित और गुणवत्तापूर्ण हो सकेगी। प्लांट के शुरू होने से समूह की महिलाओं को तकनीक से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा, वहीं उत्पादन क्षमता भी कई गुना बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित यह प्लांट आत्मनिर्भरता और आजीविका वृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से न केवल समूह की आय में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र में पूरक पोषण आहार की नियमित आपूर्ति और गुणवत्ता नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।


## मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/मानीचौक

- नगदी सहित जब्त किया बाइक व मोबाइल

मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी सहित मोबाइल व बाइक जब्त कर सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मानी नर्सरी जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हारजीत का दाव लगाकार जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने वेशभूषा बदलकर, कई साधनों का उपयोग एवं पहचान छिपाकर ग्राम मानी नर्सरी जंगल पहुंची जहां घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लखनपुर अंतर्गत ग्राम केनापारा के शिवराज राजवाड़े आ. स्व. बोधन राम (36 वर्ष), . धनसाय राजवाड़े आ. राम नारायण (25 वर्ष), ग्राम सपकरा के रामवृक्ष राजवाड़े आ. गोविन्द राम राजवाड़े (41 वर्ष), दर्पण



राजवाड़े आ. पन्नेलाल (36 वर्ष) व ग्राम सलका के बृजेश पाण्डेय आ. योगेन्द्र पाण्डेय ( 25 वर्ष) को जुआ खेलते धर दबोचा। पुलिस टीम ने जुआड़ियों के पास से 52 पत्ती सहित कुल 19 हजार 880 रूपये जब्त किया। साथ ही जुआड़ियों के 4 मोबाईल, 1 बाइक को भी जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, प्रधान आरक्षक शिवलोचन पैकरा, आरक्षक रविराज पाण्डेय, रामलोचन देवांगन, देवनीश मिंज सक्रिय रहे।

### खीस्त राजा पर्व का आयोजन कल, निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**अम्बिकापुर।** खीस्त राजा पर्व का आयोजन 23 नवम्बर को सम्पन्न होगा। खीस्त राजा के आदर में शोभायात्रा शहर के नावापारा स्थित महागिरजाघर प्रांगण में प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, गुदरी बाजार चौक, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक होते हुए उर्सुलाइन सेंट जेवियर्स मैदान तक होगी। तत पश्चात धर्माध्यक्ष डॉ. अन्तोनिस बड़ा के पावन कर कमलों से पवित्र यूखरिस्तीय बलिदान संत जेवियर विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। चलने में असमर्थ बुजुर्गों तथा छोटे बच्चों वाली माता या पिता को जुलूस से पहले सेंट जेवियर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। उद्घोषक फादर माइकल तिर्की, संगीत संचालन नमना पल्ली, प्रत्येक पारा से भक्त तजिया तैयार कर जुलूस में भाग लेंगे जिनका मूल्यांकन सिस्टर जॉर्जिना , सिस्टर शांति केरकेट्टा तथा फादर इमिलियुस एक्का द्वारा किया जाएगा।

## एसईसीएल में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का किया गया शुभारम्भ

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में आज गुरूवार को गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर गुणवत्ता सुधार की मशाल प्रज्ज्वलित कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को गुणवत्ता प्रतिज्ञा दिलाई।

गौरतलब है कि 20 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े को केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक व्यापक गुणवत्ता अभियान के रूप में तैयार किया गया है, इस दौरान स्लोगन लेखन स्पर्धा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता रैली, 24 नवंबर को विशेष गुणवत्ता कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें कोयले की गुणवत्ता, खनन प्रक्रिया में पारदर्शिता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा होगी, कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा गुणवत्ता मापदंड, सैंपलिंग तकनीक, कोल ग्रेडिंग और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है,इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि आज देश ऊर्जा के मोर्चे पर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बन चुकी है,उन्होंने कहा कि यदि हम कोयले की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं, तो हम केवल उत्पादन नहीं बढ़ा रहे, बल्कि देश की औद्योगिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं, कर्मचारियों को गुणवत्ता मानकों की जानकारी देने के लिए खदान स्तर पर छोटे-छोटे समूहों में संवाद सत्र भी आयोजित किए गए,कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी,महिला एवं पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे, सहक्षेत्र प्रबंधक, खान प्रबंधक और नोडल अधिकारी गुणवत्ता की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर द्वारा भेजी गई गुणवत्ता प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया गया, दोपहर 11 बजे से एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल ने पूरे क्षेत्र से जुड़े महाप्रबंधकों और उनकी टीमों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।




## नगर पंचायत के पार्क प्रांगण में अटल परिसर बनकर तैयार, लोकार्पण कल

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्क प्रांगण में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर अब पूरी तरह तैयार है और इसका लोकार्पण 23 नवंबर रविवार को किया जाएगा।

यह लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर से वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा,नगरीय निकाय की अधोसंरचना मद से निर्मित यह अटल परिसर न सिर्फ नगर पंचायत बिश्रामपुर की पहचान बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय गतिविधियों, सामुदायिक कार्यक्रमों और प्रशासनिक उपयोग के लिए भी एक बेहतर व सुव्यवस्थित स्थान के रूप में उभरेगा,आधुनिक मानकों के अनुरूप निर्मित इस परिसर में नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है,जिससे यह आने वाले वर्षों में नगर के लिए एक बहुउपयोगी केंद्र सिद्ध हो सके,सबसे खास बात यह है कि बिश्रामपुर का यह लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश के बड़े आयोजन का हिस्सा बनेगा, छत्तीसगढ़ के 100 नगरीय निकायों में निर्माण कराए गए अटल परिसरों का लोकार्पण इसी दिन एक साथ किया जाएगा,ऐसे विशाल कार्यक्रम में शामिल होना बिश्रामपुर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है,नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि अटल परिसर नगर में विकास की नई लकीर खींचेगा।लोकार्पण को लेकर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

### माधुरी जायसवाल पुनः बनी कति नारी साहित्य समिति की अध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति में पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में सर्व सम्मति से संस्थापिका श्रीमती मीनाक्षी अवस्थी की उपस्थिति में पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। श्रीमती माधुरी जायसवाल पुनः अध्यक्ष नियुक्त की गई। इसके अलावा उपाध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, सचिव श्रीमती रूही गजाला, सह सचिव श्रीमती कांति पांडे, कोषाध्यक्ष श्रीमती लीला अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला यादव नियुक्त की गई।



## निर्माणाधीन पीएम आवासों का जिपं सीईओ श्री पाटले ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- जारी रैंकिंग में सूरजपुर 85 अंकों के साथ संभाग में प्रथम एवं राज्य में आठवें पायदान पर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसकी सतत निगरानी एवं समीक्षा कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के कुशल निर्देश एवं मार्गदर्शन में हो रही है। इसी तारतम्य में सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगड़ी, तेलगांव, अधिनापुर में पीएम आवास के तहत बन रहे मकानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पीएम आवास के पूर्णता, निर्माण के लिए दी जाने वाली राशि का हस्तांतरण, मनरेगा से मिलने वाली राशि, सामग्री की उपलब्धता के अलावा योजना से सम्बन्धित अन्य प्रमुख पहलुओं के तेजी लाने के निर्देश दिए। हितग्राहियों से बात करने के दौरान उन्होंने जल्दी आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। हितग्राहियों के मिस्त्री की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ एवं तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया। जिले में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए है, जिन्हें अविलंब समय पर पूर्ण करने का राज्य से लक्ष्य प्राप्त है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। इसी प्रकार अगर हितग्राही द्वारा कार्य कर लिया जाता है तो उनके अगले किस्त का भुगतान तत्काल जारी कर दिया जाए। अभिसरण से मिलने वाली 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी हितग्राहियों को निर्माण के आधार पर प्रदाय कर दिया जाए। बैंकों से समन्वय कर राशि जल्द प्राप्त होने की व्यवस्था करने के साथ साथ हितग्राहियों के आवास में मार्गदर्शिका अनुसार लोगो लगाने के लिए निर्देशित किया गया। अब तक जिले में 170 लाख की अधिक की राशि ऋण से प्रदान की जा चुकी है, जिससे पीएम आवास निर्माण में गति आई है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### खरवत चौक में छा जाता है अंधेरा



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम खरवत जहां से एनएच 43 गुजरा है। खरवत चौक व्यस्त चौक है, जहां छोटे-बडे वाहनों की आवाजाही दिन-रात होती रहती है। इस स्थल पर मुख्य सड़क किनारे हाई मास्क लाइट लगाया गया है, जो कुछ दिनों से पूरी तरह से बंद पड़ा है। क्षेत्र के लोगों के अनुसार लगभग एक पखवाड़े से खरवत चौक स्थित हाई मास्क लाइट बिगड़ा पड़ा है, इसके चलते रात्रि में खरवत चौक पर अंधेरा छाया रहता है। सड़क सुरक्षा के लिए इस चौक पर स्थित बिगड़े हाई मास्क लाइट को तत्काल सुधार करने की जरूरत है।

### जपं में कृषि स्थाई समिति की बैठक



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति बैकुंठपुर की आवश्यक बैठक शनिवार को कृषि विकास अधिकारी बैकुंठपुर कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें खरीफ वर्ष 2025-26 प्रदर्शन सूची व जिला खनिज न्यास योजनांतर्गत वितरीत सामग्री का अनुमोदन किया गया। साथ ही रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे में भी चर्चा की गई। आयोजित बैठक में कृषि स्थाई समिति के सभापति राजू साहू, जनपद सदस्य जगमनी टोप्पो, जनपर सदस्य हेमपुष्पा पोर्ते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वंदना सिंह श्याम, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी टीएस परस्ते सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### 27 को रोजगार मेला

**मनेंद्रगढ़।** एमसीबी जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 27 नवंबर 2025 को भव्य रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में सीधी नियुक्ति का अवसर प्रदान करेगा। प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन लालपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा।

### घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

**मनेंद्रगढ़।** विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मनेन्द्रगढ़ नगर क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक एकत्र करने का कार्य तेजी से जारी है। वार्ड क्रमांक 11 में बीएलओ शारदा ताम्रकार ने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चंदा यादव और अनीता यादव के गणना पत्रक प्राप्त किए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 19 में बीएलओ शांति को ने मौके पर पहुंचकर राजकुमारी साहू और सुरेश साहू के गणना पत्रक वापस लिए।

### बीएससी नर्सिंग का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है। विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी नर्सिंग के छठवां सेमेस्टर का परीक्षा जुलाई-अगस्त 2025 में संपन्न किया गया था एवं बीएससी नर्सिंग पांचवा सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम 20 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग पांचवा सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है।

## छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए मोटिवेशन कार्यक्रम

# एसपी और जीएम ने दिए सफलता के सूत्र

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्कूली छात्र- छात्राएं।

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा के प्रांगण में छात्रों के सर्वांगीण विकास और उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए भव्य मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा, सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिरमिरी डॉ.अशोक कुमार, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, डायरेक्टर निसार खान, पत्रकार अंकित अग्रवाल एवं प्राचार्य शशि भूषण राय मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ी नृत्य और कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत पर आधारित खनिकों के समर्पण को दशाती प्रभावी नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को प्रभावित किया। महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि आज की पीढ़ी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के दौर में पली-बढ़ी है। भारत शिक्षा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब समय आ गया है कि छग भी विश्व पटल पर अपनी पहचान मजबूत करे। उन्होंने कहा कि एआई, मशीन लर्निंग, डेटा माइनिंग और रोबोटिक्स अब हर उद्योग की जरूरत बन चुके हैं। मेडिकल साइंस में रोबोटिक सर्जरी इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बावजूद मानवता और मानवीय मूल्यों को कभी न भूलें। उन्होंने कहा कि हर किसी पर आंख बंद कर भरोसा मत करो, पहले सोचो, परखो और निर्णय लो। पर्यावरण संरक्षण, समाज के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को उन्होंने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताया।

सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए, उन्होंने मीडिया और समाज से जागरूकता बढ़ाने की अपील की। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आपके भीतर स्पष्ट विजन और मिशन है तो कर सकता हूं, मैं करूंगा तो सफलता अवश्य मिलेगी। अंत में उन्होंने विद्यालय के शिक्षण स्तर की सराहना की और कहा कि यहां के शिक्षक निश्चित रूप से विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने विद्यालय के 25 वर्षीय सफल शिक्षण इतिहास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह स्कूल लगातार उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर रहा है। उन्होंने सफलता के पांच मंत्र बताए लगन, अनुशासन, निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और धैर्य। उन्होंने एक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि 11 वी, 12 वीं के कुछ छात्र रक्षा सेवा की भर्ती प्रक्रिया में सफल नहीं हुए और निराश हो गए, लेकिन उन्होंने संदेश दिया कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का अवसर है। वैज्ञानिकों की हजारों बार की गई कोशिशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास ही असली सफलता का मार्ग है। गिरना गलत नहीं, लेकिन गिरकर उठना जरूरी है। साथ ही उन्होंने छात्रों को ट्रैफिक सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सख्त सलाह दी। हेलमेट पहनने, ओवरस्पीड से बचने और नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि एक छोटी सी गलती बड़ा हादसा बन सकती है। उन्होंने पुलिस विभाग की गतिविधियों, जनसुरक्षा कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी भी दी, जिससे छात्र कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों को बेहतर ढंग से समझ सके। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसने उन्हें न केवल शिक्षा बल्कि जीवन मूल्यों, अनुशासन और सुरक्षित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से खुशबू यादव, मेघा तिवारी, निशा राय, दयानंद ठाकुर, निशांत, कौशर बानो, मिंटू द्विवेदी, राजाराम, जयदेव पाण्डेय, संजय कुमार, हीरा विश्वकर्मा, शिल्पी सरकार, रूपा विश्वकर्मा, मंजू केंवट सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण शामिल रहे।

## धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करती कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत पूरे जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है। लगातार संबंधित अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं साथ ही किसानों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़े इसके लिए खरीदी केन्द्र के पास कृषक सहायता केन्द्र भी बनाया गया है।

20 नवंबर को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अचानक धान उपार्जन केन्द्र, बड़ेकलुवा पहुंच कर खरीदी व्यवस्था का जायजा ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति किसानों को कोई भी परेशानियों का सामना करना न पड़े। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तोलगा, शिवपुर-चरचा व विभिन्न मतदान केन्द्र पहुंच कर बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंच कर प्रपत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ से कहा कि हर घर पहुंच कर प्रपत्र वितरण जिम्मेदारी से करें, ताकि समय पर यह कार्य संपन्न हो सके।

## जानवरों के काटने पर तुरंत पहुंचें अस्पताल



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज चिरमिरी में जानवरों के काटने पर उसके उपचार को लेकर जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मेंउपस्थित छात्रों को बताया गया कि जानवरों द्वारा काटे जाने पर प्राथमिक उपचार तथा बचाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एक्सपर्ट डॉक्टर्स में पोंड़ी अस्पताल के डॉ. गीता एवं डॉ. रानी द्वारा अपने वक्तव्य दिए। विशेषज्ञों ने बताया कि जानवरों के काट लेने पर समय पर प्राथमिक उपचार कितना महत्वपूर्ण है। छात्रों को विभिन्न प्रकार के पशुओं के काटने की स्थिति उनसे होने वाले संभावित संक्रमण, तत्काल उठाए जाने वाले कदमों तथा सुरक्षित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि घाव को तुरंत साबुन और पानी से धोना चाहिए, बिना देरी के पास के स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर टीकाकरण कराना जरूरी है। इसके अलवा आस पास के लोगों को भी जागरूक करना। इस अवसर पर प्राथमिक उपचार एवं बचाव से संबंधित व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमित कुमार ने की। प्राचार्य ने कहा कि ऐसी कार्यशााला न केवल विद्यार्थियों के जीवन रक्षक तकनीकी सिखाती है।

# सामुदायिक शौचालय सह दुकान का उपयोग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**जरूरतमंदों को भी नहीं मिल रहा लाभ**

■ लाखों रुपए खर्च कर किए गए हैं निर्माण

कोरिया जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कराया गया है, लेकिन ज्यादातर ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय सह दुकान का उपयोग नहीं हो रहा है।

कई पंचायतों में लाखों खर्च कर बनाए गए शौचालय सह दुकान में ताला लटका हुआ है। कही शौचालय का दरवाजा खुला है तो दुकान के शटर डाउन हैं। इसी तरह का हाल सोनहत जनपद के ग्राम पंचायत मधौरा का भी है। यहां ग्राम पंचायत मधौरा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत 15 वां वित्त एवं मनरेगा से 4 लाख रूपए की राशि से सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कार्य कराया गया। कार्य पूर्ण हुए लगभग एक वर्ष होने को है, लेकिन सामुदायिक शौचालय सह दुकान में ताला लटका हुआ है। इसी तरह का हाल सोनहत के पूर्व ग्राम कैलाशपुर में भी सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कार्य कराया गया है, जहां शौचालय तो खुला रहता है, लेकिन इसके साथ बनाए गए दुकान का शटर डाउन है और शटर में जंग भी लग गया है। इस तरह का हाल सोनहत व बैकुंठपुर जनपद पंचायत के कई ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय सह दुकान बंद पड़े हैं।





जिले के ग्राम पंचायतों में लाखों खर्च का सामुदायिक शौचालय के साथ दुकान का निर्माण कराया गया है, इसका लाभ किसी जरूरतमंद को नहीं मिल पा रहा है, ज्यादातर जगह के दुकान बंद हैं, जरूरतमंदों को दुकान संचालन के लिए आवंटित करने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधियों को पहल करने की जरूरत है।

### निर्वाचन प्रक्रिया एसआईआर में ओटीपी साझा न करें

**मनेन्द्रगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सेवा के लिए मतदाताओं से कभी भी ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) नहीं मांगा जाता है। आयोग ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा फोन कॉल, मैसेज या किसी अन्य माध्यम से ओटीपी या निजी जानकारी मांगी जाती है, तो यह निश्चित रूप से धोखाधड़ी का प्रयास हो सकता है और मतदाताओं को तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। आयोग ने जोर देकर कहा है कि मतदाता अपनी व्यक्तिगत जानकारी, विशेषकर ओटीपी, बैंक विवरण, आधार संख्या, मोबाइल नंबर से जुड़ी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़





छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक दिवसीय कार्यशाला जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परमेश्वर सिंह अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज सरगुजा उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती ने की।

कार्यक्रम के संयोजक भीमसेन भगत तथा सह-संयोजक सुशील कुमार छात्रे रहे। दीप प्रज्जवलन के पश्चात राजकीय गीत का सामूहिक गायन किया। मंच का संचालन रंजीतमणी सतनामी द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती ने संस्था के अध्यक्षीय उद्बोधन में जनजातीय समाज के सांस्कृतिक गौरव एवं उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने छग के विभिन्न जनजातीय क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षपूर्ण इतिहास पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि तिवारी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के विभिन्न पहुलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम के सह-संयोजक सुशील कुमार छात्रे ने विभिन्न जनजातियों के सामाजिक संरचना उनके जीवन मूल्य, परंपराओं और आधुनिक समाज में उनकी भूमिका पर व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि परमेश्वर सिंह ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराने की आवश्कता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई, डॉ. रश्मि तिवारी, रंजीतमणी सतनामी, शरणजीत कुजूर, सुनील कुमार गुप्ता, कमलेश पटेल, डॉ. रामजी गर्ग, रामनिवास गुप्ता, डॉ. रिंकी तिवारी, सुश्री अल्पना रानी खलखो, पुष्पराज सिंह, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा, बाबूलाल शुक्ला, श्रीमती मीना त्रिपाठी, भोले प्रसाद रजक, सुश्री पारूल पटेल, रामखेलावन गुप्ता, हेमंत सिंह, सुश्री साधना बुनकर आदि शामिल रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण में नई फोटो अनिवार्य नहीं

**बैकुण्ठपुर।** छग में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संबंध में मतदाताओं के बीच फैल रही भ्रांतियों को दूर करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी मतदाताओं के लिए नई फोटो देना अनिवार्य नहीं है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राज्यभर में बूथ लेवल अधिकारी 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर विधिवत भरा हुआ गणना पत्रक एकत्र करेंगे। यदि किसी मतदाता का फोटो धुंधला, अस्पष्ट या असंतोषजनक है, तो वह बीएलओ को अपना नया फोटो दे सकता है। साथ ही बीएलओ आवश्यकता पड़ने पर, डायरेक्ट बीएलओ ऐप के माध्यम से मौके पर ही मतदाता की फोटो लेकर अपलोड भी कर सकते हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कुछ क्षेत्रों में यह गलत फहमी फैल गई है कि सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से नई फोटो देनी होगी। इस संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाताओं को जागरूक करने और स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

**सभी मतदाताओं से एसआईआर में सहयोग की अपील**



सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि एसआईआर में चूक होने पर संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए श्री दुग्गा ने एसआईआर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी निर्धारित समय में व्यवस्थित रूप से पूरी करनी होगी, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर बैठकें आयोजित की जाएं और उन्हें आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एसआईआर गणना पत्रक वितरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ आशीष कुमार साहू (भाग संख्या 102 डबरीपारा), संतोषी सिंह (भाग संख्या 100 अहमर), मतदान केन्द्र 211 चकडांड के बीएलओ प्रिंसदीप सिंह तथा मतदान केन्द्र 155 उज्ञांव के बीएलओ विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र वितरण में तेजी लाने और प्रत्येक पात्र मतदाता को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि बीएलओ द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं और एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग दें।

## आप ने जारी की जिला कमेटी की पहली सूची

**मनेन्द्रगढ़।** आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रदेश इकाई के निर्देश पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की जिला कमेटी की पहली सूची जारी की गई। जिला अध्यक्ष विकास पांडेय ने बताया कि जिला संगठन महामंत्री के रूप में संगोपत सिंह, जिला महासचिव के रूप में श्रीमती रैनी तिवारी और जिला संगठन मंत्री के रूप में कासिम उमर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही जिले के पांच ब्लॉकों के नए अध्यक्षों की घोषणा भी की गई। इसमें मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक मो. मुश्ताक अंसारी, खड़गवां ब्लॉक राम प्रवेश साहू, जनकपुर ब्लॉक श्रीमती रानी तिवारी , कोटाडोल ब्लॉक गजरूप सिंह बालंद, कुंवारपुर ब्लॉक रज्जू सिंह गोंड शामिल हैं। विकास पांडेय ने कहा कि जिले में नई टीम का गठन किया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अनियंत्रित कार गहरे...

मिली जानकारी के अनुसार कार बैकुंठपुर आनी निवासी की बताई जा रही है। बताया गया कि कार चालक कथित रूप से शराब के नशे में घाट पहुंचा था, उसने कार किनारे खड़ी की और स्वयं बाहर शराब सेवन कर रहा था, तभी वाहन अचानक घाट की ढलान से फिसलता हुआ सीधे गहरे पानी में जा घुसा। गाड़ी पूरी तरह डूबने से पहले मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना नगर पालिका को दी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह की त्वरित निर्णय क्षमता और जेसीबी ऑपरेटर उत्तम की तत्परता ने इस पूरे हादसे को बड़ा रूप लेने से रोक दिया। यदि कुछ मिनटों की भी देरी होती तो वाहन पूरी तरह जलमग्न हो सकता था, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती थी। यह घटना एक बार फिर इस बात पर जोर देती है कि घाट एवं जलाशयों के आसपास वाहन पार्किंग में सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। नशे की हालत में वाहन चलाना या घाट जैसे संवेदनशील स्थानों के पास लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### जिला अस्पताल की...

संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मौके पर उपस्थित सीएमएचओ डॉ.प्रशांत सिंह से पूछा डॉ. सिंह ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल की क्षमता मात्र 100 बिस्तरीय है ,जिसके कारण काफी असुविधा होती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, अमित श्रीवास्तव, शैलेश शिवहरे, दिनेश बड़ेरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### घर-घर पहुंचकर...

इसी क्रम छग में भी एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाओं को गणन पत्रक भरना अवश्यक है और नए नाम जोड़वाने व कटवाने के लिए भी फार्म भरना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि मतदान केन्द्र स्तर पर घर-घर जनसंपर्क कर मतदाताओं को सहयोग करें।

# विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सीएमपी. डीआईएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चों ने दिए गए विषय पर अत्यंत आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र बनाए तथा निबंध में भी अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया।


बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स एवं निबंध का मूल्यांकन सीएमपीडीआईएल के मुख्यालय में उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया तथा एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल के 12 विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन विद्यार्थियों को विजेता ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता सीनियर ग्रूप में कक्षा बारहवीं की दीक्षा नायर प्रथम, कक्षा नवमीं के प्रशांत सिंह द्वितीय एवं कक्षा दसवीं की दीक्षिका नायर तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। इसी तरह जूनियर ग्रूप में कक्षा सातवीं की अनन्या अग्रवाल प्रथम, कक्षा छठवीं के मिकुल सिन्हा द्वितीय एवं कक्षा सातवीं की अंशिका साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में कक्षा नवमीं की दीक्षा प्रजापति प्रथम, कक्षा नवमीं की नव्या तिवारी द्वितीय एवं कक्षा दसवीं की गौरी अम्बादास लथाड़ तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। इसी तरह जूनियर ग्रुप में कक्षा छठवीं की अवनी अग्रवाल प्रथम, कक्षा सातवीं की कृतिका राय द्वितीय एवं कक्षा सातवीं की मरियम फातिमा ने तृतीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रैटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रैटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411